# विषय - परिचय कार्यक्रम

01 अगस्त, 2024

स्नातक प्रथम वर्ष के समस्त विद्यार्थियों को विभिन्न विषय में रोजगार तथा विषय की महत्ता के आधार पर एक इंडक्शन कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम में डॉ० सत्यनारायण स्नेही व प्रो० सतपाल ने हिंदी विषय में रोजगार के अवसर और हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार प्रस्तुत किए। डॉ० स्नेही ने अपने संभाषण में कहा कि विद्यार्थी चाहे तो शैक्षिक, पत्रकारिता, अनुवाद, सरकारी सेवाओं, या डिजिटल मार्केटिंग के क्षेत्र में अपनी रुचि के अनुसार करियर बना सकते हैं। हिंदी भाषा का सही ज्ञान और उसका सही उपयोग विद्यार्थियों को भविष्य में रोजगार के अनेक अवसर प्रदान करता है। प्रो० सतपाल ने विद्यार्थियों को बताया कि हिंदी भाषा विभिन्न सरकारी पदों की प्रतियोगी परीक्षाओं में क्या महत्व रखती है। इस कार्यक्रम से सभी विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के संबंध में बहुत लाभकारी ज्ञान प्राप्त हुआ जिससे उनको विषय चयन में बहुत आसानी हुई ।










# रिपोर्ट: हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत हिंदी व्याकरण व साहित्य की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता

महाविद्यालय ठियोग में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी भाषा के प्रचार प्रसार तथा हिंदी भाषा के प्रति प्रेम की भावना को जागृत करने के उद्देश्य से हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया। जिसके अंतर्गत दिनांक 04 सितंबर, 2024 को हिंदी व्याकरण व साहित्य की प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा और साहित्य के प्रति रुचि जागृत करना और उनके व्याकरण संबंधी ज्ञान को बढ़ावा देना था। प्रतियोगिता में कुल 60 विद्यार्थियों ने भाग लिया, जिन्होंने उत्साहपूर्वक हिंदी साहित्य और व्याकरण से जुड़े प्रश्नों के उत्तर दिए।

प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से हिंदी व्याकरण के विभिन्न पहलुओं जैसे संधि, समास, लिंग, वचन, कारक और हिंदी साहित्य से जुड़े महत्वपूर्ण लेखकों व रचनाओं से संबंधित प्रश्न पूछे गए। प्रतियोगिता में स्नातक तृतीय वर्ष के विनोद ने प्रथम स्थान तथा तृतीय ही वर्ष के रजत ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया। विजेताओं को पुरस्कार प्रदान किए गए।




प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में भाग लेते प्रतिभागी विद्यार्थी

## रिपोर्ट: हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत निबंध व भाषण प्रतियोगिता

महाविद्यालय ठियोग में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 10 सितंबर, 2024 को भाषण और निबंध लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। यह कार्यक्रम विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाने और उनकी लेखन एवं वक्तृत्व कला को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से किया गया। प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न कक्षाओं के विद्यार्थियों ने भाग लिया।

### भाषण प्रतियोगिता

भाषण प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने "जनभाषा और राजभाषा के रूप में हिन्दी की दशा" व "विकसित भारत के लक्ष्य प्राप्ति में हिन्दी की भूमिका" विषय पर अपने विचार प्रस्तुत किए। प्रतिभागियों ने प्रभावशाली वक्तृत्व कला का प्रदर्शन किया और हिंदी भाषा के महत्व को रेखांकित किया। प्रतियोगिता में कुल 30 विद्यार्थियों ने भाग लिया। भाषण प्रतियोगिता में स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा साक्षी ने प्रथम स्थान तथा स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा अंजली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया।







भाषण प्रस्तुत करते प्रतिभागी विद्यार्थी

## निबंध प्रतियोगिता

निबंध प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने अपने लेखन कौशल का परिचय दिया। निबंध के लिए दिए गए विषय थे: " वैश्वीकरण के युग में हिंदी भाषा की स्थिति एवं गति” और " राष्ट्रीय एकीकरण एवम् हिन्दी भाषा " विद्यार्थियों ने इन विषयों पर अपने विचार गहनता से व्यक्त किए और हिंदी भाषा की समृद्ध विरासत को उजागर किया। इस प्रतियोगिता में महाविद्यालय के विभिन्न संकाय से कुल 40 विद्यार्थियों ने भाग लिया। निबंध लेखन में प्रथम स्थान स्नातक तृतीय वर्ष के छात्र रजत ने अर्जित किया जबकि द्वितीय स्थान तृतीय वर्ष की छात्रा प्रीती ने हासिल किया।







निबंध लेखन में भाग लेते प्रतिभागी छात्र

## रिपोर्ट: हिंदी पखवाड़े के अंतर्गत नारा लेखन प्रतियोगिता

महाविद्यालय ठियोग में हिंदी पखवाड़ा के अंतर्गत दिनांक 14 सितंबर, 2024 को नारा लेखन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता का उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा के प्रति जागरूकता बढ़ाना और उनके रचनात्मक कौशल को प्रोत्साहित करना था। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और हिंदी में प्रभावशाली नारों का सृजन किया। प्रतियोगिता में भाग लेने वाले विद्यार्थियों को राजभाषा के रूप में हिन्दी, हिन्दी भाषा की उपयोगिता और हिन्दी भाषा की अस्मिता पर नारे लिखने के लिए प्रेरित किया गया। विद्यार्थियों ने उपरोक्त विषयों पर अपने विचारों को सशक्त नारों के रूप में प्रस्तुत किया। प्रतियोगिता में कुल 28 विद्यार्थियों ने भाग लिया। सभी नारों में भाषा की सादगी और संदेश की स्पष्टता को महत्व दिया गया। इस प्रतियोगिता में स्नातक तृतीय वर्ष की छात्रा आकृति हेटा ने प्रथम स्थान तथा द्वितीय वर्ष की छात्रा कशिश कंवर ने द्वितीय स्थान अर्जित किया।



नारा लेखन प्रतियोगिता में भाग लेते महविद्यालय के विद्यार्थी


## रिपोर्ट: 'हिन्दी उत्सव'

राजकीय महाविद्यालय ठियोग में दिनांक 18 सितंबर, 2024 को हिंदी उत्सव का आयोजन किया गया, आयोजन के मुख्य अतिथि महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ललिता चंदन रही और मुख्य वक्ता के रूप में भाषाविद डॉ मस्त राम वर्मा ने शिरकत की। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों में हिंदी भाषा की वस्तुस्थिति का विश्लेषण करना और भाषा के प्रति जागरूकता उत्पन्न करना था। कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न शैक्षणिक और सांस्कृतिक गतिविधियों का आयोजन किया गया। महाविद्यालय में गत सप्ताह से 'हिंदी पखवाड़ा' के अंतर्गत कई प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इनमें भाषण में साक्षी ने प्रथम तथा अंजली ने द्वितीय स्थान प्राप्त किया, वहीं निबंध प्रतियोगिता में प्रथम स्थान रजत तथा द्धितीय स्थान प्रीति ने ,प्रश्नोत्तरी प्रतियोगिता में प्रथम विनोद, द्वितीय स्थान रजत तथा नारा लेखन प्रतियोगिता में आकृति हेटा ने प्रथम तथा कशिश कंवर ने द्वितीय स्थान अर्जित किया। इन सभी विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार वितरित किए गए। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि प्राचार्य डॉ. ललिता चंदन ने हिंदी भाषा के महत्व पर अपने विचार व्यक्त किए। उन्होंने विद्यार्थियों को हिंदी भाषा के प्रयोग और उसके प्रचार-प्रसार के लिए प्रेरित किया। कार्यकम के मुख्य वक्ता डॉ. एम. आर. वर्मा ने अपने वक्तव्य में हिंदी भाषा की समृद्धि, सम्पन्नता और विविधता पर प्रकाश डाला। उन्होंने हिंदी साहित्य के महान लेखकों और उनके योगदान पर भी चर्चा की, साथ ही हिंदी की व्यावहारिकता पर जोर दिया । कार्यक्रम के संयोजक और हिंदी विभागाध्यक्ष डा० सत्यनारायण स्नेही ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि इस देश में शीर्ष से लेकर आम जन तक हिंदी की व्यावहारिकता और प्रासंगिकता है। इन्होंने कहा भारत उत्सवों का देश है इसीलिए यहां उस भाषा का उत्सव मनाया जाता है जो हमारे जीने मारने, हंसने रोने और सपनों की भाषा है। सहायक आचार्य हिंदी सतपाल शर्मा ने उपस्थित अतिथियों का धन्यवाद किया। इस कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने हिंदी कविताएँ, गीतों पर समूह नृत्य और लघु नाटिका के माध्यम से हिंदी भाषा की महत्ता को दर्शाया। गरीमा द्वारा रश्मिरथी के तीसरे सर्ग के पाठ ने उपस्थित जन समूह को भाव विभोर कर दिया। यह हिंदी पखवाड़ा महाविद्यालय के लिए एक महत्वपूर्ण आयोजन था, जिसने न केवल विद्यार्थियों में हिंदी के प्रति जागरूकता फैलाई, बल्कि उनकी रचनात्मकता और ज्ञान को भी प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के सभी आचार्य उपस्थित रहे ।






कार्यक्रम के संयोजक डॉ सत्यनारायण सनेही का सम्बोधन।




मुख्य वक्ता भाषाविद एम॰ आर॰ वर्मा वक्तव्य देते हुए।



राजीव कुमार, दीक्षित शर्मा, सोहन

करे। (जासं)

## भाषण में साक्षी व निबंध लेखन में रजत प्रथम

राजकीय महाविद्यालय ठियोग में बुधवार को हिंदी उत्सव में उपस्थित विद्यार्थी, शिक्षक व अतिथि • जागरण

**ठियोग** : राजकीय महाविद्यालय ठियोग में आयोजित हिंदी उत्सव में मुख्य अतिथि प्राचार्य डा. ललिता चंदन रही। मुख्य वक्ता भाषाविद डा. मस्त राम वर्मा ने शिरकत की। इसमें विद्यार्थियों को हिंदी भाषा की वस्तुस्थिति का विश्लेषण व भाषा के प्रति जागरूक किया गया। महाविद्यालय में हिंदी पखवाड़ा के तहत करवाई भाषण प्रतियोगिता में साक्षी पहले व अंजली दूसरे स्थान पर रही। निबंध लेखन में रजत पहले, प्रीति दूसरे, प्रश्नोत्तरी में विनोद पहले, रजत दूसरे व नारा लेखन में आकृति हेटा पहले व कशिश कंवर दूसरे स्थान पर रही। (संसू)

प्रेस विज्ञप्ति का छायाचित्र ।




छात्रा अंजली भाषण देते हुए ।



पुरस्कृत प्रतिभागी विद्यार्थी तथा हिन्दी विभाग के प्राध्यापकों का सामूहिक छायाचित्र ।




नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत करते विद्यार्थी